## आयुषी ने 12वीं बायो में 94% अंक हासिल कर बढ़ाया परिवार का गौरव

छिंदवाड़ा। गुलाबरा क्षेत्र की गली नंबर पांच निवासी आयुषी गड़करी ने कक्षा 12वीं (बायोलॉजी संकाय) में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयुषी, मनीष गड़करी और शिक्षिका रेणुका गड़करी की सुपुत्री हैं।



उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है और स्वजनों ने भी उन्हें बधाई दी है। आयुषी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने निरंतर मेहनत व अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से वे इस मुकाम तक पहुंच सकीं। आयुषी ने बताया कि उनका सपना भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। इसके लिए वे आगे भी कड़ी मेहनत कर मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में कार्रवाई, आलीशान बंगले से लेकर करोड़ों के निवेश तक का खुलासा

# रिटा. पीडब्ल्यूडी एसडीओ नागवंशी पर ईओडब्ल्यू का छापा, करोड़ों की संपत्ति उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के रिटायर्ड एसडीओ महेश नागवंशी के ठिकानों पर छापेमारी की। आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई इस कार्रवाई में अब तक करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा हो चुका है, जबकि जांच अभी जारी है।



जबलपुर से आई ईओडब्ल्यू की करीब 25 सदस्यीय टीम ने सुबह तड़के पूरी गोपनीयता के साथ छिंदवाड़ा पहुंचकर एक साथ कई ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई की भनक लगने से पहले ही टीम ने नागवंशी के निवास और अन्य संपत्तियों को अपने कब्जे में लेकर तलाशी शुरू कर दी। दिनभर चली इस कार्रवाई में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, महेश नागवंशी के पास एक आलीशान बंगला मिला है, जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है। इसके अलावा करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की कृषि भूमि, दो प्लॉट और एक आटा मिल में लगभग ढाई करोड़ रुपये का निवेश सामने आया है। यह निवेश उनके घोषित आय स्त्रोतों से कहीं अधिक बताया जा रहा है।

टीम को जांच के दौरान करीब 30 लाख रुपये मूल्य के वाहन भी मिले हैं। साथ ही 20 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी, लगभग 10 लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण तथा 51 हजार रुपये नगद भी बरामद किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह केवल प्रारंभिक आंकड़े हैं और आगे की जांच में संपत्ति का कुल मूल्य और बढ़ सकता है।

### परिवार से जुड़े बैंक खातों की भी मिली जानकारी

ईओडब्ल्यू को नागवंशी के नाम और उनके परिवार से जुड़े कई बैंक खातों की जानकारी भी मिली है। इन खातों में हुए लेनदेन की बारीकी से जांच की जा रही है। साथ ही संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, निवेश के कागजात और अन्य वित्तीय रिकॉर्ड भी जब्त किए गए हैं। टीम इन सभी दस्तावेजों का विश्लेषण कर रही है, ताकि आय और संपत्ति के बीच अंतर का स्पष्ट आकलन किया जा सके।

### ईओडब्ल्यू की टीम ने की छापेमारी

सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई है। नागवंशी पर आरोप था कि उन्होंने अपने पद पर रहते हुए अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की है। इसी के तहत ईओडब्ल्यू ने प्राथमिक जांच के बाद सर्च वारंट लेकर यह छापेमारी की। इस कार्रवाई के बाद छिंदवाड़ा जिले में हड़कंप मच गया है। सरकारी महकमे में भी इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कई अधिकारी और कर्मचारी इस कार्रवाई को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ एजेंसी लगातार सक्रिय

ईओडब्ल्यू अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे हो सकते हैं। यदि आय से अधिक संपत्ति के आरोप सिद्ध होते हैं, तो संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं और किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## 8 मई को होगा सामूहिक विवाह, 200 जोड़ों को मिलेगा लाभ

छिन्दवाड़ा। शहर के गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 8 मई 2026 को दशहरा मैदान, छिंदवाड़ा में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा एवं जनपद पंचायत छिंदवाड़ा/मोहखेड़ के तत्वावधान में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में अधिकतम 200 जोड़ों के विवाह कराए जाएंगे। इच्छुक जोड़ों के लिए आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अनुसार वधु की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। नगर निगम द्वारा विवाह पंजीयन हेतु एकता पार्क के पास कार्यालय में व्यवस्था की गई है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि विवाह तिथि से 7 दिन पूर्व निर्धारित की गई है।

# नागपुर रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, 7 गुमठियां हटाई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार नागपुर रोड स्थित जे.पी. होटल से महाजन लॉन तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कुल 7 गुमठियों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित लोगों को सख्त हिदायत दी गई कि वे दोबारा उक्त स्थान पर गुमठियां लगाकर अतिक्रमण न करें। इसके अलावा, आगे की गुमठियों को हटाने के लिए नगर निगम द्वारा अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सूचित भी किया गया, ताकि अभियान बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### छिंदवाड़ा में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां पूरी, आम नागरिक भी कर सकेंगे शुद्ध जल का उपयोग

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम द्वारा शहर में स्वच्छता को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वाटर प्लस मानकों के अनुरूप सार्वजनिक शौचालयों और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। नगर निगम के अनुसार शहर खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ++) घोषित है और अब वॉटर प्लस प्रमाणन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस संबंध में सुझाव या आपत्ति दर्ज करानी हो, तो वे 15 दिनों के भीतर निगम कार्यालय, इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान के सामने स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा संचालित एस.टी.पी. (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से शुद्ध किए गए जल का उपयोग भी बढ़ाया जा रहा है।

## ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव

छिन्दवाड़ा। जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के लिए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जिला छिंदवाड़ा के समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई, अनुदान प्राप्त, माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालयों का संचालन प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाए। यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि बढ़ती गर्मी के प्रभाव से बच्चों को राहत मिल सके।

# दमुआ में अवैध शराब-जुआ के खिलाफ उबाल, माफिया पर बुलडोजर और जिलाबदर की मांग तेज

### धार्मिक स्थल के सामने खुलेआम अवैध कारोबार, नगरवासियों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

छिंदवाड़ा जिले के दमुआ नगर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ जनआक्रोश तेजी से बढ़ता जा रहा है। वार्ड क्रमांक 10 स्थित बौद्धविहार के सामने खुलेआम चल रही अवैध शराब बिक्री और जुआ के अड्डों ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से नागरिकों में गहरी नाराजगी है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में सक्रिय माफिया तत्व बिना किसी डर के अवैध कारोबार संचालित कर रहे हैं। धार्मिक स्थल के सामने इस तरह की गतिविधियां सामाजिक और नैतिक माहौल को प्रभावित कर रही हैं। इसी मार्ग से रोजाना स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं, जिससे असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ रही है। नगरवासियों का कहना है कि यह समस्या केवल शराब और जुआ तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक दुष्प्रभाव समाज पर पड़ रहा है। आरोप है कि "बब्बी" नामक माफिया द्वारा अवैध शराब के कारोबार से शासन को लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। पूर्व में उसके भाई पर जिलाबदर की कार्रवाई भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

स्थिति को देखते हुए नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि माफिया के अवैध ठिकानों पर बुलडोजर कार्रवाई कर इन्हें पूरी तरह ध्वस्त किया जाए। साथ ही, संबंधित आरोपियों पर पुनः जिलाबदर की कार्रवाई कर उन्हें क्षेत्र से बाहर किया जाए।

नगरवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन जनआक्रोश पर कब संज्ञान लेकर दमुआ नगर को इन अवैध गतिविधियों से राहत दिलाता है।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाती आगजनी और चोरी की घटना

# कुआं बादला वन चौकी परिसर में जप्त ट्राली में लगाई आग, डिप्टी रेंजर की मोटर साइकिल चुरा ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मध्यप्रदेश के तामिया वनपरिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुआं बादला सर्कल की विभिन्न बीटों में वर्षों से जमे नाकेदारों और डिप्टी रेंजरों की कथित मिलीभगत से वन अपराधों का जाल फैलता जा रहा है। क्षेत्र में अवैध रेत खनन, वन संपत्ति की चोरी और हाल ही में सामने आई आगजनी एवं चोरी की घटनाओं ने वन विभाग की कार्यशैली और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### रेत माफियाओं का बढ़ता प्रभाव

खुट्टी बागई, फांसी ढाना और दौरिया खेड़ा के जंगलों से बहने वाली नदियों में अवैध रेत खनन ने



प्राकृतिक संसाधनों को लगभग समाप्त कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब वन विभाग के अधिकारियों की मौन सहमति से हो रहा है। अब रेत माफियाओं ने नया ठिकाना वन भूमि को बना लिया है, जहां जल भराव के नाम पर सिंचाई विभाग को भूमि हस्तांतरित की गई है।

#### सिंचाई विभाग की आड़ में खेल

हैरानी की बात यह है कि सिंचाई विभाग के पास स्वयं की कोई भूमि नहीं होती, फिर भी बागई जलाशय क्षेत्र में उसे भूमि स्वामी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस पूरे मामले में वन विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं और जमीन के उपयोग को लेकर स्पष्टता नहीं दी जा रही है।

#### वन संपत्ति की चोरी भी चरम पर

कुआं बादला सर्कल की बीटों में वन संपत्ति की चोरी भी लगातार बढ़ रही है। कुर्सी ढाना-बागई मार्ग पर वृक्षारोपण क्षेत्र के पास कई मीटर लंबी फेंसिंग जाली चोरी हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

#### वन चौकी में घुसकर आगजनी

हाल ही में हुई एक चौंकाने वाली घटना में अज्ञात तत्वों ने कुआं बादला वन चौकी परिसर में घुसकर जब्त रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगा दी। यह घटना न केवल सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अपराधियों में विभाग का कोई भय नहीं रह गया है।

#### डिप्टी रेंजर की मोटरसाइकिल चोरी

इसी वन चौकी परिसर से डिप्टी रेंजर की मोटरसाइकिल चोरी होना भी कम आश्चर्यजनक नहीं है। इस संबंध में देलाखारी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है। एक शासकीय परिसर से इस तरह की चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

#### मिलीभगत के आरोप और प्रशासन की चुप्पी

स्थानीय लोगों का मानना है कि वन विभाग के कुछ कर्मचारियों और रेत माफियाओं के बीच मधुर संबंध हैं, जिसके चलते अपराधियों को खुली छूट मिल रही है। यही कारण है कि वे बेखौफ होकर वन चौकी में घुसकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं, वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले को दबाने में अधिक रुचि लेते दिखाई दे रहे हैं। विभाग की छवि बचाने के प्रयास में इन घटनाओं को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

### डिलीवरी मैसेज मिलने के बावजूद उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहे सिलेंडर

# पाटिल गैस एजेंसी में जांच करने पहुंचे तहसीलदार और खाद्य अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया में रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोबइल पर डिलीवरी मैसेज तो मिल रहे हैं , पर गैस से भरे सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं । ऐसे कई उपभोक्ताओं ने खाद्य अधिकारी को लिखित शिकायत दी है ।

जिसके बाद तहसीलदार राम सूर्यवंशी और खाद्य अधिकारी सुमित चौधरी पाटिल गैस एजेंसी के ऑफिस पहुंचे और स्टॉक आदि की जांच की ।बीते कुछ समय से रसोई गैस की किल्लत के चलते स्थानीय प्रशासन को उपभोक्ताओं के काफी विरोध और शिकायतों का सामना करना पड़ रहा है । जिसके समाधान के लिए प्रशासन को काफी



मशक्कत करनी पड़ रही है , लेकिन डीलरों की लापरवाही के चलते उपभोक्ता तो परेशान है, प्रशासनिक अधिकारी भी परेशान है ।

खासकर पाटिल गैस एजेंसी से जुड़े उपभोक्ताओं को गैस के लिए बुकिंग करने , बिल भुगतान करने के बाद , उनके मोबाइल पर उन्हें गैस सिलेंडर डिलीवर होने का सिर्फ मैसेज मिल रहा है , पर सिलेंडर का कुछ अता - पता नहीं है ।

इसका जवाब न तो एजेंसी के पास है , और न ही अधिकारियों के पास । उपभोक्ता गैस के लिए सारी मशक्कत करने और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी जब सिलेंडर नहीं मिल रहा है , तो वे खाद्य अधिकारी की चौखट पर सिर पटक रहे हैं , वहां भी उनसे लिखित शिकायत ली जा रही है । एजेंसी संचालक अपना ऑफिस बंद कर गायब हैं । फोन पर संपर्क करने पर भी अधिकारी को सही जानकारी नहीं दे रहे है ।गुरुवार शाम जब अधिकारी जांच के लिए ऑफिस पहुंचे तो कार्यालय बंद था । प्रबंधक से फोन पर बात कर उन्हें बुलाया गया तो जवाब मिला यहां हूँ , वहां हूँ । बमुश्किल एक कर्मचारी आया और उसने ताला खोला । खाद्य अधिकारी सुमित चौधरी ने ऑफिस खुलने के बाद जब दुबारा फोन लगाया तो एजेंसी प्रबंधक का फोन बंद मिला ।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तनवीर आलम पिता मोहम्मद शाह आलम निवासी छिन्दवाड़ा तह. व जिला छिन्दवाड़ा ने कैलाश माहोरे पिता कारणलाल माहोरे निवासी गुरैया के विरूद्ध व्यवहार न्यायालय छिन्दवाड़ा में व्य.वा.द.क्र. 233/2025 ख.नं. 73 पर अवैध कब्जा का वाद प्रस्तुत किया जो दिनांक 28/04/2025 को सुनवाई हेतु नियत है। वाद में राजीनामा हेतु कैलाश माहोरे व राजेश माहोरे द्वारा मेरे पक्षकार पर दबाव बनाया जा रहा है, मेरे पक्षकार द्वारा राजीनामा नहीं करने पर कैलाश माहोरे व राजेश माहोरे मेरे पक्षकार के विरूद्ध शासकीय भूमि ख.नं. 74 में से भूमि विक्रय का मिथ्या एवं झूठा समाचार, समाचार पत्र में प्रकाशित करते है, अतः इनके द्वारा प्रकाशित झूठा एवं मिथ्या समाचार अवैध झूठा एवं शून्य माना जाये।

भवदीय

छिन्दवाड़ा
दिनांक - 16/04/2026

एम.के. कपाले
रजि नं. 2650/94
जिला छिन्दवाड़ा



## बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों ने रचा सफलता का इतिहास, 10वीं सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम

# मिडास कोचिंग का शानदार प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मिडास कोचिंग संस्था ने एक बार फिर शानदार शैक्षणिक परिणामों के साथ अपनी गुणवत्ता और उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था को साबित किया है। इस वर्ष 10वीं सीबीएसई बोर्ड तथा 10वीं एवं 12वीं मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में संस्था के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में मो. अरसद आबिद ख़ान ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर संस्था में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उनके अलावा हर्ष लिखितकर ने 96.6 प्रतिशत, नीतिशा लूटे ने 96.6 प्रतिशत और लतिका निखाड़े ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, मध्य प्रदेश बोर्ड की 10वीं परीक्षा में श्रव्य संदीप गवनेकर ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

इन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ-साथ लगभग 9 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 68 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया।इसी प्रकार 12वीं मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा में भी मिडास कोचिंग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अपूर्व सूर्यभान ढेपे ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद आस्तिक संगीत जैन ने 93.8 प्रतिशत और समीक्षा शंकर सिंह ददघाये ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त लगभग 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 86 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ।

मिडास कोचिंग संस्था की सफलता का श्रेय वहां के अनुभवी और समर्पित शिक्षकगणों को भी जाता है, जो उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से आकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। संस्था में पढ़ाई का वातावरण अत्यंत अनुशासित, प्रेरणादायक और छात्र-केंद्रित है, जो विद्यार्थियों को अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

इन शानदार परिणामों से यह स्पष्ट है कि मिडास कोचिंग संस्था न केवल शिक्षा प्रदान करती है, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सभी विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, जिससे उन्होंने अपने माता-पिता, शिक्षकों और संस्था का नाम गर्व से ऊंचा किया है।

### धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य - भगवानदिन

**छिंदवाड़ा।** जिले के सामाजिककार्यकर्ता भगवान दिन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एव समाजिक संगठनों ने सविधान निर्माता परम आदरणीय बाबा साहब अंबेडकर जी की जयंती पर उनको नमन करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से माननीय सुप्रीम कोर्ट के नाम ज्ञापन देकर कोर्ट को साधुवाद दिया ।ज्ञापन धर्मांतरण पर आदेश के सम्बंध में है ज्ञापन में बताया कि सन 1857 के बाद हमारे देश के लगभग 21 टुकड़े हुए और सबसे ज्यादा धर्मांतरण भी हमारे देश में हुए । कभी तलवार के डर के कारण तो कभी पैसे के लालच में । सन 1947 में हम आजाद हुए । पर राजनीतिक संकीर्णता के कारण हिन्दू विभाजित होते रहा और धर्मांतरण बढ़ते रहा । सन 1949 में हमारा पड़ोसी देश चीन भी आजाद हुआ । चीन जापान के अधीन था । आज चीन में गुलामी की कोई भी चीज या वस्तु या धरोहर नहीं है । वहाँ एक म्यूजियम है जहाँ आज भी सैकड़ो लोग जाकर गुलामी की वस्तु पर जुते मारकर आते हैं और हमारे देश मे ठीक इसके विपरीत होता है । हमारे यहाँ धर्मांतरण करवाने वालो के नाम की सड़कें बनी है अकबर रोड ,हुमायूं रोड ,बाबर रोड ,तुगलक रोड ,एलिजाबेथ रोड ,मार्टिन रोड आदि आदि ।हमारी इस धरा पर परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू का अवतरण हुआ । जिन्होंने लाखों नहीं करोड़ों लोगों की घर वापसी करवाई , सेवा कार्यों के माध्यम से लोगों को धर्मांतरण से रोका । परिणाम यह हुआ कि राजनीति में बैठे धर्मांतरण वालों ने उन्हें झूठे केस में फंसा कर जेल में डाल दिया । लगभग 12 वर्ष जेल में रहे ।

## शासकीय एकीकृत उमावि मोरकुंड में किया गया समर कैंप का शुभारंभ



**जुन्नारदेव।** जनजाति कार्य विभाग छिंदवाड़ा के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देशानुसार शासकीय एकीकृत उ मा वि मोरकुंड में आज खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का समर कैंप का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। ज्ञात हो संस्था में टेबल टेनिस बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल व सांस्कृतिक गतिविधियों में लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । संस्था के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव के द्वारा समर कैंप शुभारंभ के अवसर पर छात्रा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम जितना सक्रिय रहेंगे हमारा मस्तिष्क उतने ही अच्छी तरीके से कार्य करेगा क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रुचि अनुसार करिकुलम एक्टिविटी में भाग लेना चाहिए एवं अपने हुनर को और प्रभावशाली बनाना चाहिए। यह जानकारी संस्था के व्यायाम शिक्षक अनुराग शर्मा के द्वारा दी गई उन्होंने बताया कि इस अवसर पर संस्था के मनीराम कुशराम श्रीमती ममता पटेल श्रीमती चंद्रकांता कुमरे अश्विनी बरहैया श्रीमती श्वेता साहू एमपी दियावार डी आर साहू वीरेन्द प्रजापति शिवानी शिवानंद साहू मुकेश सेंन श्रीमती सरिता नेमा श्रीमती संध्या पाटिल पूनम यादव श्रीमती प्रीति वर्मा ज्योतिका श्रीवास्तव दामिनी पवार समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी और लू के चलते बदला स्कूलों का समय, अब सुबह 7 से 12 बजे तक लगेगी क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



सूरज के तीखे तेवर और बदन झुलसाने वाली गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सेहत और सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पिछले 3-4 दिनों से तापमान में हुई बेतहाशा वृद्धि के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नौनिहालों को लू और भीषण तपिश से बचाने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने जिले की सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### कल से नया शेड्यूल, नर्सरी से 12 वीं तक राहत

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शुक्रवार 17 अप्रैल से जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई., अनुदान प्राप्त और माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध शालाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ही संचालित होंगी। यह आदेश नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के सभी छात्रों पर समान रूप से लागू होगा। ''छात्रों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं (लू) के खतरे को देखते हुए स्कूलों के समय में कटौती का निर्णय लिया गया है ताकि बच्चे दोपहर की चिलचिलाती धूप से पहले सुरक्षित घर पहुँच सकें।" ऐसा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है।

### सड़कों पर सन्नाटा, घरों में कैद हुए लोग

बीते कुछ दिनों से सुबह से ही सूरज की किरणें आग उगल रही हैं। दोपहर 12 बजते ही सड़कों पर आवाजाही कम हो जाती है और बाजारों में पहले जैसी रौनक गायब दिख रही है। लोग जरूरी काम सुबह ही निपटाकर घरों या दफ्तरों में दुबकना बेहतर समझ रहे हैं। प्रशासन के इस संवेदनशील निर्णय का अभिभावकों ने दिल खोलकर स्वागत किया है।

## पंडित रविशंकर शुक्ल स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी, 74 प्रतिशत रहा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित पंडित रविशंकर शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के कक्षा 12वीं का टोटल परीक्षा परिणाम 74% रहा । विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया है। परीक्षा परिणामों के अनुसार, कक्षा 12वीं (कला संकाय) में वार्ड नंबर 8 निवासी छात्र विशाल मालवीय (पिता हजारीलाल मालवीय) ने 78% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह, 12वीं (विज्ञान संकाय) में वार्ड नंबर 9 के मुख्तार सिद्दीकी (पिता आसिफ सिद्दीकी) ने 71% अंक और 12वीं (वाणिज्य संकाय) में पंकज पवार (पिता सेवाराम पवार) ने 74% अंक लेकर अपनी-अपनी शाखाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में कुमारी अंसरा (पिता मुशर्रफ़ खान) ने 75% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया।इस शानदार उपलब्धि पर नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित स्कूल के प्राचार्य श्रीमती नेहा धुर्वे सीएमओ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य सभापति संजय मदन लाल जैन पार्षद प्रमोद बन्देवार ने छात्र-छात्राओं एवं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### ज्योति डेहरिया दिल्ली के लिए रवाना

**परासिया** :- नारी वंदन अधिनियम के लिए पी एम श्री मोदी का आभार प्रकट करने एवं इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनने के लिए परासिया विधानसभा से ज्योति डेहरिया दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं । इस संबंध में चर्चा में ज्योति डेहरिया ने बताया , कि हमारे जिले के सांसद बंटी साहू के सहयोग से जिले की पांच महिलाओं को इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है । इसमें परासिया से ज्योति डेहरिया अमरवाड़ा से प्रिती तिवारी दमुआ से किरण खातनकर , जुन्नार देव से सविता भोसम दिल्ली के लिए रवाना हुई हैं ।

### नेहा और नीरज का पुलिस में चयन बड़कुही का नाम किया रोशन

**बड़कुही / परासिया** :- हाल ही में आए म.प्र. पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा परिणामों में बड़कुही से वार्ड 04 निवासी नेहा वाडिवा पुत्री अमरसिंह वाडिवा (गुड्डू) - सुनीता वाडिवा ने अपनी मेहनत और संघर्ष की बदौलत पुलिस में चयनित हुई है । उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा भाई अर्जुन एवं अरुण को दिया है ।इसी तरह वार्ड 07 के भोपाल बस्ती निवासी नीरज डेहरिया ने कई सालों की कड़ी मेहनत और कई असफल प्रयासों के बाद चयनित होकर सफलता का परचम लहराया है । नीरज ने NIIT के कॉलसेंटर में नौकरी करने तथा पुश्तैनी डेयरी व्यवसाय में कार्य करते हुए चयन प्राप्त किया है । उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा पूरन डेहरिया , माता - पिता ज्योति एवं दिलीप डेहरिया , भाई हरिमन डेहरिया को दिया है ।इन युवाओं के द्वारा क्षेत्र का नाम रोशन करने पर स्थानीय निवासी मुनिराज इंदौरकर , दीपक डेहरिया , ननील , रोहित , निशांत , प्रशांत , निर्मल,विवेक, मोना ,सोहेल सिद्दीकी , ऋषभ जावलकर , चंदू ,अर्जुन डेहरिया , असलम खान ,पवन ,कार्तिक , हेमंत , कपिल डेहरिया , शिवांश तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है ।



### स्कूल बस में पीछे से घुसा बाईक सवार युवक, मौत

**वारासिवनी।** रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम भेंडारा में एक निजी स्कूल बस को पीछे से टक्कर मारने से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना दोपहर लगभग 2 बजे की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार एक निजी स्कूल की बस विद्यार्थियों को छोडऩे के लिए उनके ग्राम गई हुई थी। जब यह निजी बस ग्राम भेंडारा में विद्यार्थियों को छोड़ रही थी, इसी दौरान ग्राम भेंडारा निवासी 32 वर्षीय युवक परमेश पिता रंजीत नगपुरे बाईक से आया और सीधे बस के पिछले हिस्से में घुस गया। इस दुर्घटना में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर रामपायली पुलिस थाना से पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुँचे और मृतक का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## आगरवाड़ा की माटी में जन्मे, डॉ. तूफान सिंह पारधी को मिली विद्या-वाचस्पति की उपाधि

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) के छठवें दीक्षांत समारोह में डॉ. तूफान सिंह पारधी को विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। 16 अप्रैल को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य, उपस्थिति में आयोजित समारोह में यह उपाधि मिली। क्षेत्र के ग्राम आगरवाड़ा की माठी में गांव के साधारण किसान परिवार में जन्मे तूफान सिंह पारधी ने अपनी मेहनत और लगन से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। डॉ. पारधी को यह उपाधि भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विषय में उनके शोध कार्य 'पवारी हेतु व्युत्पादक रूपीमिक विश्लेषक निर्माण' के लिए प्रदान की गई। वह विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र रहे हैं और वर्तमान में इसी संस्थान में अतिथि विद्वान के रूप में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। डॉ तूफान सिंह पारधी, उरकुड़ जी पारधी के सुपुत्र हैं। वर्ष 2014 से वह पवारी/पोवारी भाषा के संरक्षण, अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। वर्ष 2016 में उन्होंने विद्या-वाचस्पति के लिए पंजीकरण कराया और वर्ष 2022 में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शोध कार्य के दौरान क्षेत्रीय भाषाओं से संबंधित पर्याप्त आँकड़े और सामग्री उपलब्ध न होने के कारण उन्होंने स्वयं पवारी भाषा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण आँकड़ों का संग्रह किया और इस भाषा के संरक्षण और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी पर गहन अध्ययन कर डाक्टरेट की उपाधि हासिल ह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है।

बता दें कि डॉ पारधी ने केवल शोध तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज को भी जागरूक करने का सतत प्रयास किया। उनके प्रयासों से पवारी भाषा और बोली के क्षेत्र में संगठित रूप से कार्य प्रारंभ हुआ और आज अनेक लोग इस दिशा में सक्रिय हुए। वह पवारी साहित्य कला संस्कृति मंडल के कोर समिति सदस्य भी हैं। विद्या-वाचस्पति के अध्ययन काल में डॉ. पारधी को अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ा, किंतु उन्होंने धैर्य और दृढ़ता के साथ सभी कठिनाइयों को पार किया। आज उनके प्रयासों का परिणाम यह है कि पवारी भाषा और संस्कृति के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य दिखाई दे रहा है। डॉ. पारधी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मेहनत, परिवार, अपने प्रथम शोध निर्देशक स्वर्गीय जगदीश कुमार दांगी तथा शोध निर्देशक डॉ. हर्षलता पेटकर सहित अपने सभी मित्रों और सहयोगियों को दिया है। डॉ. तूफान सिंह पारधी की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकगणों, समाज के वरिष्ठ नागरिकों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और उज्वल भविष्य की कामना की है।

### लगातार चौथी बार प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया स्कूल ने

## सोपान पर पहुंचने से ज्यादा कठिन है सोपान पर बने रहना- सुनील सिंग



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्था आइडियल पब्लिक स्कूल सम्राट नगर निरंतर 25 वर्षों से शिक्षा जगत व सामाजिक उत्थान के साथ-साथ मानव संसाधन निर्माण करती आ रही हैं, जिसके द्वारा आज लगातार चौथी बार मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम की प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

वर्ष 2025-26 की आयोजित कक्षा 10 वीं व कक्षा 12 वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा के परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए गए है। इस परीक्षा में आइडियल पब्लिक स्कूल सम्राट नगर में कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत छात्रा कुमारी माही सुलाखे पिता डालीराम सुलाखे द्वारा 98 प्रतिशत बनाए गए है, उन्हें कुल 500 अंकों में से 490 अंक प्राप्त हुए है और प्रदेश की प्रावीण्य सूची में उनका दसवॉ स्थान लगा है।

इसी प्रकार कक्षा 12 वीं की जिले की प्रावीण्य सूची में आईडियल पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया गया है। जिले की प्रावीण्य सूची में कक्षा 12 वीं के छात्र हर्ष पटले पिता किरण कुमार पटले और इशिका पिता विवेक अर्जे ने 500 में से 481 अंक हासिल कर 96.2 प्रतिशत हासिल कर बालाघाट जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं कक्षा 10 वीं में बालाघाट जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम आर्या पंचेश्वर 97.8 प्रतिशत, द्वितीय जयनी अनिल पिपरेवार 97.6 प्रतिशत व तृतीय स्थान अंशु तुरकर व नैतिक डोंगरे 97.4 प्रतिशत ने पाया है।

इस मौके पर विद्यालय संचालक सुनील सिंह ने कहा कि पिछले 4 वर्षो से विद्यालय के विद्यार्थी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान पा रहे है। जो उनकी और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है। वास्तविकता यह है कि किसी सोपान पर पहुँचाना आसान हो सकता है, लेकिन उस सोपान पर लगातार बने रहना बेहद कठिन होता है। हमारे विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण पिछले 4 वर्षो से अपनी कठिन मेहनत से इस सोपान को बरकरार रखने में कामयाब हो रहे है। यह विद्यालय के गौरव की बात है।

## पॉली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाया



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महाविद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी १४ अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का सुनियोजित आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ संख्या प्रमुख श्रीमति वंदना वैद्य, प्राचार्य श्री बी.जे. लिल्हारे के द्वारा संमस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित कर मालार्पण किया गया। इसलिए कि बाबा साहब अम्बेडकर विश्व में भारत के सबसे बड़े संविधान के जनक, एक समाज सुधारक, न्यायविद्, अर्थशास्त्रि लेखक, तुलनात्मक धर्मों के विचारक नये संविधान के लिए मसौदा समिति के अध्यक्ष, भारत के प्रथम विधि मंत्री जिनके पास *२ डिग्रियां ६ भाषाओं के जानकार ६४ विषयों में पारंगत थे। और मरणोपरांत भारत रत्न सम्मानित महानायक थे। इसी कड़ी में प्राचार्य श्री बी.जे. लिल्हारे ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सामाजिक समरस्ता समानता एवं कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमुर्ति विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के संविधान के रचियता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर उन्हे कोटि कोटि नमन वे शिक्षा के क्षेत्र में जो क्रांति लाना चाहते थे उक्त विचारों को साझा किया गया। उन्होने कहा कि तुम्हारे पैरों में जुते भले ना हो परंतु हाथों में किताब जरूर होना चाहिए। बाबा साहेब का मुल उद्देश्य भारत की महिला को शिक्षा से जोड़कर देश को शक्तिशाली बनाना था। भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर के सम्पुर्ण जीवन पर सुन्दर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किये। संस्था के डाइ्रेक्टर श्रीमति बंदना वैद्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के सामाजिक ढांचे को बदलने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई और समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिध्दांतो को मजबुत किया। जिन्होने संविधान का निर्माण किया और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया ।इस अवसर पर बी.एस.सी.बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर से हर्षा गिरेपुंजे के द्वारा डांस, राहुल मेश्राम, स्नेहल भीमटे, साहिल बोरकर, रूचि फुलमारे, स्वाति राउतकर के द्वारा भाषण साथ ही विशाल बरकड़े के द्वारा शायरी एवं बी.एस.सी.बी.एड. षष्टम् सेमेस्टर से रागिनी गजभिये के द्वारा कविता, बी.एस.सी.बी.एड. अष्टम सेमेस्टर से गुलजार राउत और दीपक मेश्राम के द्वारा मराठी गीत और बी.एस.सी.बी.एड. अष्टम सेमेस्टर से दीपक मेश्राम के द्वारा एकलगीत, बी.एस.सी.बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर से मनिष रहांगडाले द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया ।महाविद्यालय प्राध्यापक श्री सी.एस. मेश्राम, उमेन्द्र नागभिड़े, श्री के. के. उमरे, श्री बी.सी. पटले, जी.के. भन्डारकर, ए. के. बोरकर, श्रीमति कुष्णकली बड़गैया, राजेश गजभिये, श्री आर.एस. नगपूरे, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, योगेश नन्द्रनवार, सहित संपूर्ण महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहें।कार्यक्रम के अंत में के. के. उमरे सर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम की संमाप्ति कि भोषणा कि गई।

## अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव का जलवा कायमः 10वीं में शत-प्रतिशत

### अभय कुमार अव्वल, मेधावी छात्रों ने लहराया परचम- अनुशासन, समर्पण और नवाचार का अनूठा संगम बना सफलता की पहचान



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** विकासखंड लांजी के ग्राम भानेगांव स्थित अल्फा पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराते हुए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सभी 19 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसने पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। यह सफलता केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि संस्था के अनुशासन, समर्पण और दूरदर्शी शिक्षण प्रणाली का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है।

इस वर्ष विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र अभय कुमार (पिता राजेंद्र रावते) ने 500 में से 448 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. आरुषि उरकुडे ने 443 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं कु. ब्लेसी बल्ले (423 अंक), कु. मयूरी पिलारे (420 अंक) एवं स्वयं बल्ले (403 अंक) ने भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। सभी 19 विद्यार्थियों का उत्तीर्ण होना इस बात का प्रमाण है कि यहां शिक्षा केवल दी नहीं जाती, बल्कि गढ़ी जाती है।

विद्यालय के संचालक सेवकराम बल्ले ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से संस्था लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के लिए सुबह अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाती हैं और मई-जून की तपती गर्मी में भी सुबह से 10 बजे तक विशेष तैयारी कराई जाती है। समर वेकेशन में भी बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को अवकाश नहीं दिया जाता, जो इस सफलता का मुख्य आधार है। प्राचार्य हेमन्त कुमार बिसेन के नेतृत्व में विद्यालय में प्रारंभिक स्तर से ही कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई कराई जाती है। यहां पढ़ाई के साथ खेलकूद, सहगामी गतिविधियां और मेडिटेशन (योग) को भी समान महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है।राष्ट्रीय स्तर की तैयारी और सुविधाओं से सुसज्जित संस्था

अल्फा पब्लिक स्कूल केवल बोर्ड परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि नवोदय एवं सैनिक स्कूल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराता है। अब तक संस्था से लगभग 150 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है, जबकि इस वर्ष भी दो विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल में सफलता पाई है।विद्यालय में उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के अनुभवी शिक्षक विषयवार मार्गदर्शन देते हैं। आरटीई के तहत नर्सरी से 8वीं तक निःशुल्क शिक्षा, सभी गांवों के लिए परिवहन सुविधा, नर्सरी से 12वीं तक इंग्लिश मीडियम शिक्षा और 28 वर्षों का समृद्ध अनुभव संस्था को विशेष बनाता है। साथ ही, आगामी वर्षों के लिए 11वीं और 12वीं कक्षाओं में बायो, आर्ट्स और मैथ्स विषयों की मान्यता मिलना संस्था की प्रगति का संकेत है।

## खबर संक्षेप



### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपार्जन केंद्र का लिया जायजा, अव्यवस्थाओं पर जतायी नाराजगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने गेहूं उपार्जन केंद्र का जायजा लिया। तथा अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त किया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार से आरंभ हुए उपार्जन कार्य के तहत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बघराज पहुंचकर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने वेयर हाउस मे स्थापित खरीदी केंद्र का जायजा लिया। वहां बारदाना प्राप्त होने के बाद भी उपार्जन का कार्य आरंभ नही हो पाया था।
विधायक दिनेश राय मुनमुन ने इसे सोसायटी और खरीदी केंद्र प्रबंधन की घोर लापरवाही बताते हुए कहा कि शासन ने 15 अप्रैल से किसान बंधुओं की उपज खरीदने के स्पष्ट निर्देश दिये थे लेकिन प्रबंधन की सुस्ती ठीक नही, किसान बंधुओं को परेशान करना बंद करें और तत्काल खरीदी प्रारंभ करें।
विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि अन्य केन्द्रो से भी इसी प्रकार की अव्यवस्थाओं और पोर्टल मे तकनीकी खराबी की जानकारी प्राप्त हो रही है। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया और जिला प्रशासन से इस मामले मे गंभीरता से ध्यान देने की बात कही। ताकि अन्नदाता को अपनी फसल बेचने मे कोई असुविधा न हो।



### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं में दिए सुधार के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा जिला चिकित्सालय सिवनी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों एवं इकाइयों का अवलोकन करते हुए स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को सहज, सम्मानजनक एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने ओपीडी पंजीयन काउंटर के बाहर विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यवस्थित प्रतीक्षा क्षेत्र विकसित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ओपीडी सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर टोकन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए, ताकि मरीजों को सुव्यवस्थित सुविधाजनक और समयबद्ध सेवाएं मिल सकें।

### मातृशक्ति द्वारा किया सार्वजनिक सुहागले पूजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वैशाख माह के शुभ अवसर पर नगर के टैगोर वार्ड स्थित चंद्रप्रभा नगर सूर्य मंदिर में मंगलवार को मातृशक्ति द्वारा सार्वजनिक सुहागले पूजा में एकत्रित होकर सभी सुहागन महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-पाठ की।
सुहागले पूजन के अवसर पर आराधना चौरसिया माधुरी चौरसिया राधिका चौरसिया ज्योति चौरसिया आरती चौरसिया अंजना चौरसिया सीमा चौरसिया नीलिमा चौरसिया मंजूलता चौरसिया मंजू चौरसिया बबली चौरसिया दीपा चौरसिया आशा चौरसिया ममता चौरसिया किरण गोलानी वर्षा साहू पुष्पा साहू बंटी नेहा तिवारी चतुर्वेदी उमा नेम सुनीता चौरसिया उषा किरण साहू सुजाता चौरसिया फूल कुमारी साहू गीता साहू मिनी साहू नीरज तिवारी लता यादव सीमा शुक्ला आरती साहू पदमा सोनी आरती गहलोत रजनी साहू वंदना गुप्ता बघेल दीदी रोशनी पाठक बबली चौरसिया सुजाता रुक्मणी विश्वकर्मा राम सिया।

# जिलें में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और जागरूकता का चलाया जा रहा अभियान

**चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से नमूनों की जांच के साथ ही दुकानदारों और उपभोक्ताओं को किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, सिवनी द्वारा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से दिनांक 16 अप्रैल 2026 को शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया।**



इस दौरान बारापत्थर, सिवनी स्थित टॉप एंड टाउन आइसक्रीम पार्लर से आइसक्रीम एवं एनर्जी ड्रिंक, शक्ति बेकर्स से चॉकलेट एवं एनर्जी ड्रिंक, हैमर आइसक्रीम पार्लर से आइसक्रीम एवं एनर्जी ड्रिंक तथा होको ब्रांड आइसक्रीम पार्लर से वनीला फ्लेवर आइसक्रीम के नमूने जांच हेतु लिए गए।
निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने संबंधित प्रतिष्ठानों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण एवं परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
अभियान के अंतर्गत मौके पर ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को एकत्रित कर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिसमें स्वच्छता मानकों का पालन, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान के सरल घरेलू तरीकों एवं सुरक्षित खाद्य प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई।
चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों के नमूनों की प्रारंभिक जांच की गई, जिससे आमजन को भी पारदर्शी प्रक्रिया की जानकारी मिली और उनमें खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी।
खाद्य सुरक्षा विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित विभाग को अवगत

## बोर्ड एक्जाम 10 वीं टेन टाप में रैंक लाकर खुशी ने किया नाम रोशन



**केवलारी।** माध्यामिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के बोर्ड एक्जाम 10 वी ओर 12 वी का परीक्षा परिणाम मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषित कर दिया। परिणामों की जारी सूची मे सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा कु. खुशी राजपूत पिता संतोष कुमार राजपूत माता श्रीमती नेहा राजपूत ने हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2025-26 में कक्षा दसवी में 99.2 प्रतिशत प्राप्त कर पूरे प्रदेश में 4 था स्थान प्राप्त किया है।परिणाम की घोषणा आने के बाद केवलारी का नाम पुनः प्रदेश स्तर पर छा गया। निवास स्थान पर पहूंचकर सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाये रमाशंकर महोबिया पूर्व सह- व्यवस्थापक ,जयसिंह राजपूत ने खुशी को पुष्प गुच्छ भेटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। सफलता की कहानी का श्रेय खुशी राजपूत ने विद्यालय के सांस्कारित अनुशासित माहौल,भाई ओम प्रकाश राजपूत की प्रेरणा ओर पिता संतोष राजपूत को दी है।

### यामिनी ठाकुर का सुयश



**केवलारी।** पलारी निवासी राजकुमार ठाकुर की पुत्री यामिनी ठाकुर माता श्रीमति रामशीला ठाकुर ने कक्षा दसवीं के घोषित परीक्षा परिणाम मे 479/500 मे 95. 8 प्रतिशत अंक अर्जित का शानदार सफलता हासिल करने पर यामिनी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाये दी है।

## कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं लेकर सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर एक अहम ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया है। यह ज्ञापन 16 अप्रैल 2026 को दिया गया, जिसमें जिले के किसानों की कई गंभीर समस्याओं को उठाया गया है।
मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव हुकुमचंद सनोडिया द्वारा दिए गए इस ज्ञापन में सिवनी जिले के ग्रामीण किसानों की परेशानियों को प्रमुखता से रखा गया है।

**मुख्य मांगें और आरोप**
गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाए जाने से किसान परेशान खरीदी केंद्रों की कमी और दूरी के कारण बढ़ रहा खर्च
बारदाना (बोरी) की कमी से खरीदी प्रभावित, पहले 47 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदी के मुकाबले अब 42 क्विंटल खरीदी का आरोप, किसानों को कम से कम 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदी की मांग, आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल को भी खरीदने की मांग, समर्थन मूल्य को लेकर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप।
तकनीकी समस्या भी बड़ी वजह
ज्ञापन में यह भी कहा गया कि एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग में सर्वर डाउन होने से किसान समय पर पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।
प्रदेश में किसानों के मुद्दे लगातार राजनीतिक रूप ले रहे हैं। हाल ही में विभिन्न जिलों में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन और प्रशासनिक सख्ती भी देखने को मिली है। ?
सिवनी जिले में किसानों की समस्याएं अब गंभीर रूप लेती जा रही हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन देखने को मिल सकता है।

## छपारा के होनहारों ने बढ़ाया नगर का मान: 12वीं की परीक्षा में आयुषि दुबे और अनुभव पाटर ने लहराया सफलता का परचम

हरिभूमि न्यूज छपारा।

बुधवार को मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल अंतर्गत कक्षा 12 वीं एवं दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित दिए गए। इस वर्ष भी छपारा नगर के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया। नगर के अनुभव पाटर और आयुषी दुबे ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। तो वहीं दूसरी ओर कक्षा दसवीं के जय नागोत्रा और मोना नागेश्वर जैसे छात्र छात्रा ने ग्रामीण अंचलों से आकर नगर में किराए के मकान सहित रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई की और उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर अपना और परिवार के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया।





**कठिन परिश्रम से अनुभव ने हासिल किया मुकाम**
छपारा नगर के शासकीय सांदीपनी विद्यालय के छात्र अनुभव पाटर ने गणित संकाय में 500 में से 470 अंक प्राप्त कर 94 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में अपना स्थान सुनिश्चित किया बारहवीं के छात्र अनुभव ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की । ज्ञात हो कि अनुभव के पिता नरेंद्र पाटर घर से ही छोटी सी टेलरिंग दुकान का संचालन करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अनुभव ने अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर अपने लक्ष्य को हासिल किया, वहीं अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता सुनीता पाटर, पिता नरेंद्र पाटर, अपने परिवार और मित्रों को दिया है। भविष्य में अनुभव सांख्यिकी विभाग में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

**क्षेत्र में खुशी की लहर**
इन होनहारों की सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रों ने उन सभी गुरुजनों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने उनकी पढ़ाई में हर संभव मदद की।अनुभव पाटर आगे की पढ़ाई पूरी कर सांख्यिकी विभाग में अधिकारी बनना चाहते हैं तो वही आयुषी दुबे फिजिक्स की प्रोफेसर बनना चाहती है।

**आयुषी का कीर्तिमान**
इसी क्रम में आयुषी दुबे ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 472 अंक प्राप्त किए हैं। आयुषी के पिता शांत कुमार दुबे और माता मीना दुबे अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। आयुषी ने गणित जैसे कठिन विषयों में 99 अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का परिचय दिया है, भविष्य में वह पीएचडी कर व्याख्याता बनना चाहती हैं।

## परशुराम जयंती पर सिवनी में भव्य रैली 19 अप्रैल को

**पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के आगमन से बढ़ा उत्साह**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सिवनी में 19 अप्रैल को भव्य रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजन को लेकर विशेष उत्साह इसलिए भी है क्योंकि पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व विधायक संजय शर्मा सहित अनेक विशिष्ट हस्तियों का आगमन भी इस कार्यक्रम में हो रहा है इससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गयी है।



**मठ मंदिर परिसर से दोपहर 1 बजे रैली का शुभारंभ**
ब्राह्मण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष भुनेश्वर शुक्ल एवं युवा वाहिनी के जिला संयोजक अवधेश पिंकी त्रिवेदी ने अपील जारी करते हुए कहा कि सभी समाजजन 19 अप्रैल को दोपहर 01 बजे मठ मंदिर परिसर में अपने-अपने वाहनों के साथ एकत्रित हों, जहां से रैली का शुभारंभ किया जाएगा।

**समाज की एकता का होगा भव्य प्रदर्शन**
आयोजकों के अनुसार, यह रैली केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि ब्राह्मण समाज की एकजुटता, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगी। युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

**आगमन से कार्यक्रम को मिलेगी विशेष गरिमा**
पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। उनके आगमन से रैली को विशेष गरिमा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**पूर्व गृहमंत्री का अधिकृत विस्तृत दौरा कार्यक्रम**
जारी अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा 19 अप्रैल को प्रातः 08 बजे पेंच राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र का भ्रमण करेंगे तथा 10 बजे फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में विश्राम एवं भोजन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01.45 बजे सिवनी के लिए प्रस्थान कर 02 बजे मठ मंदिर पहुंचेंगे, जहां भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3 बजे मंगल भवन (नंदकेश्वर धाम) में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे, 03.30 बजे नगर पालिका अध्यक्ष के निवास पहुंचेंगे। इसके उपरांत 03.50 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान कर सायं 06.10 बजे जबलपुर पहुंचकर महाकौशल एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 12189) से रात्रि में आगे की यात्रा करेंगे।

**कुमारी नीतू बोपचे का सुयश 12वीं रिजल्ट में धमाका**

## बरघाट ब्लाक के ग्राम की छात्रा ने इंदौर में दिखाई प्रतिभा की ताकत सीमित संसाधन, असीम हौसला! गोंडेगांव की बेटी ने रचा सुनहरा इतिहास

**राकेश अगरवार**
**हरिभूमि । बरघाट _ छोटे से गांव गोंडेगांव की बेटी नीतू पिता चतरभूज बोपचे ने यह साबित कर दिया कि सपनों को पंख देने के लिए साधन नहीं, संकल्प चाहिए।**



बरघाट की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने इंदौर में आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में 500 में से 473 अंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया' इंदौर के प्रतिष्ठित सरकारी सांदीपनि मल्हार आश्रम स्कूल में अध्ययनरत नीतू ने हर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान रच दिया।

**प्रत्येक विषय में 60 से अधिक अंक अर्जित किए**
नीतू बोपचे ने यह साबित कर दिया है की गांव हो या शहर कड़ी मेहनत कर कहीं पर भी सफलता हासिल की जा सकती हैं उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती,नीतू के पिता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी की पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी, दिन रात की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण ने आज उस संघर्ष को सफलता की चमक में बदल दिया है, गोंडेगांव में जैसे ही परिणाम की खबर पहुंची, गांव में खुशी की लहर दौड़ गई,

**गांव की ऐतिहासिक उपलब्धि**
आगे बताते हुए कहा कि नीतू बोपचे ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी शहर की मोहताज नहीं होती, यह सफलता सिर्फ एक छात्रा की नहीं, बल्कि उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं, बरघाट की इस बेटी ने इंदौर की धरती पर सफलता का परचम लहराकर यह संदेश दिया है कि संघर्ष की राह पर चलने वाले कदम एक दिन इतिहास जरूर रचते हैं, नीतू बोपचे की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ बन गई है इनकी इस उपलब्धि से चहुं ओर खुसी की लहर दौड़ गई हैं।

## नवागत कलेक्टर का अभिनंदन, बारदाने की कमी दूर करने का आग्रह

सिवनी : म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नवागत कलेक्टर नेहा मीना से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया और जिले के विकास व प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। स्वागत अभिनंदन के उपरांत कर्मचारियों ने बेहद विनम्रता के साथ जिले में जारी गेहूं उपार्जन की चुनौतियों पर चर्चा की। महासंघ ने कलेक्टर को जमीनी हकीकत से अवगत कराते हुए बताया कि कई केंद्रों पर बारदाने की भारी कमी बनी हुई है। बारदाना उपलब्ध न होने से तुलाई का कार्य



प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने आग्रह किया कि यदि समय रहते बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो जाए, तो उपार्जन केंद्रों पर किसानों को हो रही असुविधा को दूर किया जा सकता है। कलेक्टर नेहा मीना ने कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के माध्यम से उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।
सिवनी : म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नवागत कलेक्टर नेहा मीना से शिष्टाचार भेंट की।

## कक्षा 10वीं में छात्रा अनुष्का रजक ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त



सिवनी। डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, ड्रीम लैंड सिटी की छात्रा अनुष्का रजक ने कक्षा 10वीं (सीबीएसई बोर्ड) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92.4' अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम इस वर्ष 98' रहा, जो संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है। विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों में उत्सवी पटले, याचना साहू धनुश्री बिसेन प्रियंशी साहू प्रयाग भारद्वाज, सिद्धि शिवहरे, एवं आदर्श सनोडिया, ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कक्षा 12वी मे बेहतर परीक्षा परिणाम की अपेक्षा की है।

## गुलाबी पत्थरों से बने मंदिर में खाटू वाले श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार विराजेंगे सिवनी में

**सिवनी।** बालाजी गुरुकुल स्कूल के सामने ऑरेंज सिटी कॉलोनी नागपुर रोड खैरी टेक में खाटू के बाबा श्याम एवं शिव परिवार के विशाल मंदिर का निर्माण किया जा रहा है ,जो कि लगभग पूर्णता की ओर है।
मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन दिनांक 15 से 17 जून 2026 को किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोरों पर चालू है श्याम परिवार समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम में वास्तु पूजा ,निशान यात्रा एवं कलश यात्रा, भजन संध्या ,भंडारा ,प्राण प्रतिष्ठा एवं विविध आयोजन किए जाएंगे। 13 जून को मठ मंदिर से विशाल श्याम मोपेड रैली का आयोजन प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। हारे के सहारे खाटू श्याम जी की महिमा अपरम्पार है उनके दर्शन मात्र से सारे दुख दूर हो जाते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। बाहर से पधारे सभी भक्तजनों के लिए आवास व्यवस्था भी की गई है। मंदिर का निर्माण राजस्थान के कारीगरों द्वारा बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से किया गया है । मंदिर में स्थापित जयपुर से लाई गई बाबा की प्रतिमा एवं विशाल शिवलिंग मन मोहने वाला है। सभी भक्तजनों से तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होकर तन मन धन से सहयोग करने के अपील की गई है।सभी धर्म प्रेमी बंधु मंदिर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए श्री श्याम परिवार समिति के पदाधिकारी से निम्न नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं 94251 74704 मनीष अग्रवाल, 7000711297 संजय मोदी, 09424394277 प्रकाश अग्रवाल, +917000479031 प्रतुल अग्रवाल।



## मेधावी छात्र शिवम ने 12वीं में हासिल किया उत्कृष्ट परीक्षाफल



माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से घोषित परिणामों में मिशन इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से कक्षा 12वीं गणित संकाय के मेधावी छात्र शिवम चौरसिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 84 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। शिक्षक स्वाति चौरसिया व पत्रकार गोपाल चौरसिया के सुपुत्र शिवम की इस उपलब्धि से पूरे परिवार व ईष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है। छात्र ने पांच में से चार विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर विद्यालय व परिवार का गौरव बढ़ाया है। शिवम ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कड़ी मेहनत व विद्यालय के शिक्षकों तथा माता-पिता को दिया है। सभी ने शिवम के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## अवैध शराब की बिक्री से आक्रोशित आदिवासी समुदाय पहुँचा थाना, पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**कान्हीवाड़ा**-कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लंबे समय से संचालित हो रहे अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अब ग्रामीण लामबंद होने लगे हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने कान्हीवाड़ा थाने पहुँचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के साहू ढाबा (भोमा)सहित कई अन्य होटलों और ढाबों पर सरेआम अवैध शराब परोसी जा रही है। विशेष रूप से डयूटी ग्राम और आसपास के क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है। ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ न केवल शराब बेची जा रही है, बल्कि चखने के साथ बैठकर पीने की पूरी व्यवस्था भी मुहैया कराई जा रही है, जिससे गांव का माहौल पूरी तरह दूषित हो चुका है।
ज्ञापन सौंपने आए आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि अवैध शराब की सुलभ उपलब्धता के कारण क्षेत्र के युवाओं और स्कूली बच्चों में नशे की लत बढ़ रही है। आए दिन होने वाले वाद-विवाद और घरेलू हिंसा की घटनाओं से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पुलिस प्रशासन ने जल्द ही इन अवैध ठिकानों पर छापेमारी कर इन्हें बंद नहीं कराया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मुख्य मांगें-साहू ढाबा भोमा सहित अन्य संदिग्ध ठिकानों पर तत्काल छापामार कार्रवाई हो। डयूटी ग्राम में संचालित हो रहे अवैध शराब के अड्डों को स्थायी रूप से बंद किया जाए।

### दुकान खुली तो सड़क पर उतरकर करेंगे आंदोलन

## शराब दुकान का विरोध, रहवासी पहुंचे कलेक्ट्रेट



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के भरवेली स्थित वार्ड क्रमांक 09 में नई शराब दुकान खोले जाने का विरोध लगातार जारी है। गुरुवार को वार्ड पंच अंजनी काकोटिया के नेतृत्व में रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की।**

रहवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर शराब दुकान को खोला गया, तो वे न केवल सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, बल्कि दुकान को भी संचालित नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि अभी केवल ज्ञापन सौंपा गया है, लेकिन यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो विरोध तेज होगा।

वार्ड पंच अंजनी काकोटिया ने बताया कि वे रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर दुकान खोली जा रही है, उसके पास ही एक स्कूल है। शराब दुकान खुलने से स्कूल का वातावरण खराब होगा और बच्चों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रहवासी हितेन्द्र सोनी ने भी बताया कि शराब दुकान के विरोध में आज ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि दुकान खोलने से नहीं रोका गया, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### इफको उत्पाद से किसानों को मिलेगा लाभ

## इफको एमसी मार्ट के क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



इफको एमसी मार्ट उत्पाद से जिले के किसानों की फसल की गुणवत्ता में सुधार को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट सभाकक्ष में सहकार से समृद्धि के अंतर्गत इफको एमसी मार्ट के क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 16 अप्रैल को किया गया।

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित पैक्स समितियों के पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको और समिति के कर्मचारियों को जानकारी देते हुए अभिनव सिंह बघेल सीईओ जेएसके बैंक बालाघाट ने कहा कि वर्तमान में जिले की 6 समितियों में इफको एमसी मार्ट प्रारंभ कर दिया गया है जहां किसान अपनी आवश्यकतानुसार इफको के उत्पाद क्रय कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिले की अन्य समितियों में इफको एमसी मार्ट के माध्यम से किसानों को लाभ प्राप्त होगा।

इस अवसर पर पी.जोशी प्रबंधक लेखा ने कहा कि भारत सरकार में सहकारिता मंत्रालय गठन के पश्चात सहकारिता के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन हो रहे है। समितियां परम्पराग कार्य करती है इसके साथ ही अन्य व्यवसाय से समितियां सुदृढ़ता की ओर अग्रसर हो रही है। इस दौरान विजय कुमार द्विवेदी क्षेत्रीय प्रबंधक इफको एमसी मार्ट भोपाल ने उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान पेक्स समितियों से खाद, बीज लेते है और खेती के लिए रासायनिक खाद लेना पड़ता है ऐसे में इफको एमसी मार्ट में इफको उत्पाद के फायदो के संबंध में किसानों को बताना जरूरी है ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

वैदिक अगाल इफको फिल्ड अधिकारी ने कहा कि सहकारिता का क्षेत्र सशक्त की ओर अग्रसर है इफको उत्पाद से किसानों को लाभ मिल रहा है उन्होने किसानों से अपील की है कि इफको उत्पाद से खेती को बेहतर बनाये। अरूणेन्द्र पाण्डे क्षेत्रीय अधिकारी जबलपुर ने कहा कि बालाघाट जिले में इफको के उत्पाद को लेकर किसानो में जागरूकता आ रही है। किसान इसका उपयोग खेती में कर रहे है। एक दिवसीय प्रशिक्षण में एम.एल. यादव विपणन अधिकारी, दिलीप लिल्हारे, नीरज बिसेन, मूलचंद लिल्हारे, सदानद पटले, रमेश पंचेश्वर, ओमकार कटरे, कार्तिक बिसेन आदि उपस्थित रहे।

## अतीश लिल्हारे के हमलावरों को हट्टा पुलिस ने दबोचा

### विवाह समारोह के दौरान हुआ था हमला



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

थाना हट्टा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07 अप्रेल की रात्री में ग्राम कोहकाडीबर में शादी कार्यक्रम में हुए विवाद में ग्राम कोहकाडीबर संरपंच पति अतीश लिल्हारे पर प्राणघातक हमला कर उन्हे गंभीर रूप से घायल करने पर थाना हट्टा में 09 आरोपीगणों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के क्रम में उक्त घटना में शामिल 03 आरोपीगणों को पुलिस थाना हट्टा में 16 अप्रेल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त उभारी व लोहे की रॉड को जप्त किया गया है। गिरफ्ताशुदा आरोपीगणों को माननीय न्यायालय बालाघाट में प्रस्तुत किया गया है। शेष आरोपीगणों की तलाश जारी है जिन्हे शीघ्र ही गिरफ्तार माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जावेगा।

## शिक्षा के क्षेत्र में विवेक ज्योति विद्या ज्ञानपीठ हायर सेकेंडरी स्कूल हिंर्री किरनापुर के विघार्थियों ने रचा इतिहास



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर विवेक ज्योति विद्या ज्ञानपीठ हिर्री ने अपना परचम लहराते हुए पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है ,मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल सत प्रतिशत परिणाम हासिल किया बल्कि प्रवीण्य सूची मेरिट लिस्ट में भी स्थान बनाकर जिले सहित प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया कक्षा दसवीं की होनहार छात्र सानिया भीमटे 485 अंक 97% बनाकर पूरे मध्य प्रदेश की प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार और पूरे गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया की मेहनत और लगन के बल पर किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। वही 12वीं के छात्र हर्ष मेश्राम ने 477 अंक 95.4% प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दसवीं में प्रवीण सूची सत्र 2025 26 में माही पिछोड़े 89.4% नैतिक चंदनवार 87.8% , मयंक हूमनेकर 84% महक नागपुरे 83. 8% व 12वीं की प्रवीण सूची में श्रेय जोशी 90.8% श्रेया मांधाता 90.6% दीपक कावरे 86.4% प्रिंस नागपुरे 82.4% प्रतिशत अंक प्राप्त किया ।विद्यालय का समय परीक्षा परिणाम भी बेहद सराहनीय रहा। कक्षा दसवीं में विद्यालय ने 100% परिणाम दर्ज किया इसी तरह कक्षा 12वीं के गणित व विज्ञान संकाय में भी 100% परिणाम रहा। जो विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है कक्षा 12वीं में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की इस वर्ष विद्यालय के इस अभूतपूर्व परिणाम के पीछे शिक्षकों की मेहनत मार्गदर्शन और समर्पण की अहम भूमिका रही है शिक्षकों ने विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया बल्कि उन्हें हर चुनौती से लड़ने की प्रेरणा भी दी। वहीं विद्यार्थियों ने भी अनुशासन परिश्रम और लगन के साथ अध्ययन कर इस सफलता को संभव बनाया। इस उपलब्धि में अभिभावकों का योगदान भी सराहनीय रहा। जिन्होंने अपने बच्चों को हर परिस्थिति में सहयोग और प्रोत्साहन दिया विद्यालय प्रबंधन शिक्षा ग्रहण और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों का ही परिणाम है, कि आज विवेक ज्योति विद्या ज्ञानपीठ हायर सेकेंडरी स्कूल हिंर्री का ही परिणाम है कि आज सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है विद्यालय की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है हर कोई इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और समर्पित शिक्षकों की प्रशंसा कर रहा है यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## धर्मानांतरण मामले में पंवार समाज में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



### जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने कहा कि गरीब परिवारों को बनाया जा रहा है निशाना, प्रशासन से कि कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पंवार समाज बालाघाट द्वारा बालाघाट जिले में सुनियोजित षड्यंत्र करके धर्मांतरण किए जाने और विशेषकर पंवार समाज को धर्मांतरण में निशाना बनाया जाने को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया है।

इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन से उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

पंवार समाज प्रतिनिधि मण्डल में राष्ट्रीय महासचिव अर्पण बिसेन, जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन, जिला महासचिव डॉ राजेंद्र कटरे,जिला संरक्षक बी एल चौधरी, जिला संरक्षक रेकचंद देशमुख,जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र रहाँगड़ाले, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री बिसेन, जिला सह सचिव अधिवक्ता अजय बिसेन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता आनंद बिसेन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज भैरम, जिला सह सचिव अधिवक्ता भूपेन्द्र भैरम, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष बिसेन, जिला संयोजक गुणेन्द्र पटले, युवा प्रकोष्ठ संरक्षक महेंद्र अमूले, युवा प्रकोष्ठ संयुक्त सचिव अवलेश पारधी, युवा प्रकोष्ठ सदस्य सुशील रहांगडाले, वरिष्ठ समाजसेवी भगत जी सहित अन्य समाज जन उपस्थित रहे।

## शाउमावि विद्यालय भंडेरी का परिणाम शत प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 15 अप्रेल को 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में बैहर क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडेरी का नाम गौरवान्वित किया है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र की बोर्ड परीक्षा परीणाम 2026 में बैहर विकासखंड अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडेरी की कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में प्रविष्ट 43 छात्रों में से 40 प्रथम एवं 3 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मुकेश कुमार बरैया ने सभी छात्रों एवं स्टाफ को बधाई देते हुए शुभकामनांए प्रेषित की एवं विद्यालयीन समस्त स्टाफ के प्रयास को इसका श्रेय दिया। कक्षा 12वीं से अनुसूचित जनजातीय वर्ग की छात्रा कु जूही वल्के ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में टॉप किया एवं कक्षा 10वीं से कु हर्षा जामरे 87.6% अंक प्राप्तकर शीर्ष में रही। संस्था के प्रभारी प्राचार्य ने शीर्ष पर रही छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को संस्था में आमंत्रित कर उन्हें प्रोत्साहित कर बधाईयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सार्थक स्कूल की छात्रा ने मध्यप्रदेश बोर्ड में पाया आठवां स्थान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।







मध्य प्रदेश बोर्ड भोपाल द्वारा 15 अप्रैल 2026 को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट जारी किया गया जिसमें किरनापुर नगर में बाबा जुमदेवजी जनकल्याण समिति वारा किरनापुर द्वारा अंग्रेजी माध्यम में संचालित शिक्षा क्े क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान सार्थक पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) की छात्रा विशाखा संतोष बापूरे नें मप्र बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वी अंग्रेजी माध्यम में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पुरे मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में आठवा स्थान प्राप्त किया है। विशाखा बापूरे नें मप्र राज्य में सार्थक स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 वी साइंस ग्रुप से आरजू अमित गौतम नें 87.8 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा 10 से रिया जौजारे 97.8,तृप्ति ठाकरे 97.6,अवनि गेड़ाम 96.4,माही बरेले 96.2,कनक बिसेन 96.2,सुमित चौहान 95.6,प्रज्ञा कुर्वे 95,दीक्षा पांचे 95,अविशा लिल्हारे 94.8,नम्रता रामटेके 93.6,विद्या भोंडेकर 92.2,मयंक लिल्हारे 92,अनुष्का सोनी 91.8,चित्रांशी वनवे 91.2,वर्णिका ठाकरे 89.4 प्रतिशत प्राप्त किया।

कक्षा 12 साइंस से दिव्यांशु घरड़े 86.8 प्रतिशत, पूर्वांश मोहबे 84.6,रोचक पाटले 84.4, ध्रुव सिंह चौहान 83.4 तुषार डहरवाल 82, अनुराग नागदेवे 81.2, कोहिनूर बम्हे 80.6 प्रतिशत अंक हासिल किया।

कक्षा 10वी एवं 12वी से शत प्रतिशत रिजल्ट रहा।सार्थक स्कूल क्े संचालक एवं बाबा जुमदेव जी जनकल्याण समिति क्े अध्यक्ष इंजी. जितेन्द्र भोंडेकर नें सभी बच्चो क्े उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें की है साथ ही स्कूल प्रबंधन स्टाफ से भूपेंद्र सिंह, जिखरिया नाइक अजित भागलकर,कपिल गजभिये,रोहिणी ऊके, नेहा कावडे, शोभा ठाकरे सत्यवचन पाठोंड़े,आशीष नागवंशी, कल्याणी सहारे, ललिता सिंगदुपे, सीमा पांचे, सविता कुथे, सुनील सोलंकी, अजय सूर्यवंशी, सिफा खान, रुपाली जांगड़े,मौसम बिसेन, यशुला नगपुरे,गायत्री तुरकर, तुरसा पांचे सुलेमान खान कैलाश जागड़े नें भी सभी बच्चों क्े उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### परसवाड़ा विधायक मधु भगत की सक्रियता

## अंबेडकर जयंती, स्वच्छता कार्यशाला और सामूहिक विवाह में दमदार उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





**परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी सशक्त और जनसरोकारों से जुड़ी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके इस सक्रिय दौरे ने क्षेत्र में विकास और सामाजिक समरसता के संदेश को मजबूती दी।**

बालाघाट नगर में भारत रत्न, संविधान निर्माता की जयंती के अवसर पर विधायक मधु भगत ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और न्याय की स्थापना का प्रतीक है, जो समाज के हर वर्ग के लिए मार्गदर्शक है।

इसके पश्चात विधायक भगत परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत में आयोजित दो दिवसीय स्वच्छता एक्शन प्लान कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने युवाओं को स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद , राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रीति सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इसके अलावा विधायक मधु भगत ने परसवाड़ा में आयोजित के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भी सहभागिता की। इस दौरान लगभग 100 नवविवाहित जोड़ों को उन्होंने आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, वहीं अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बना दिया। विधायक भगत ने नवदंपत्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र मिलन होता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी नवदंपत्तियों का जीवन प्रेम, विश्वास और खुशियों से सदैव परिपूर्ण रहे।

इस पूरे दौरे के दौरान विधायक मधु भगत ने सामाजिक समरसता, स्वच्छता अभियान और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की। उनके इस सक्रिय सहभागिता से क्षेत्रवासियों में सकारात्मक संदेश गया है और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी का भी एहसास हुआ है।

### मोबाइल और टीवी से बनाई दूरी किताबों को बनाया सहारा

## राजमिस्त्री और चाय बेचने वाले की बेटियों ने बढ़ाया मान



### सांदीपनि स्कूल ने जारी किया परीक्षा परिणाम 10 वीं का 95.9 और 12वीं का 99.3 प्रतिशत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने बुधवार को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा के परिणामों की घोषणा की। विकासखंड कटंगी के कुल 07 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपनी जगह बनाई। विकासखंड के सांदीपनि स्कूल के विद्यार्थियों ने भी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। गुरुवार को प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि कक्षा दसवीं का 95.9 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं का 99.3 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं में 199 परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र हल किया। जिसमें 172 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी 19 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की और 08 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं के सभी संकायों को मिलाकर 317 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। जिसमें 314 परीक्षार्थी प्रथम और 3 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं दो परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इन दोनों ही कक्षाओं में स्कूल में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का आज स्कूल में सम्मान किया गया। विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे। संस्था ने इन विद्यार्थियों का सत्कार करते उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने बताया कि कल्याणी मेश्राम बायो संकाय की छात्रा ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला में प्रथम स्थान हासिल किया। विनय गेड़ाम ने 95.2 प्रतिशत अंक से शाला में दूसरा और 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ सोनु जिभकाटे, नैनसी सोनगढ़े, मिताली बोपचे ने तीसरा स्थान पाया है। कक्षा दसवीं के छात्र दिव्यम नेवारे और अचला ललीत सुपलकर ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला, मोली पारधी ने 97.2 प्रतिशत से दूसरा और मोली परिहार ने 97 प्रतिशत अंक से तीसरा स्थान पाया है। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र की है। बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली कल्याणी और सोनू जैसी छात्राओं ने साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियाँ भी प्रतिभा को रोक नहीं सकतीं।

कटंगी क्षेत्र के खमरिया गांव के निवासी राजमिस्त्री आशीष मेश्राम की बेटी कल्याणी मेश्राम ने अपने सांदीपनि स्कूल में 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक इतिहास रच दिया। कल्याणी की सफलता पर पूरा गांव उत्साहित है। आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के बावजूद कल्याणी ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की।